प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सशस्त्र बलों को बधाई दी। कहा– पूरे देश को सेना पर गर्व है।
- राज्य के विभिन्न जिलों में सेना के समर्थन में भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, सांसद ढूलू महतो ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर देश की वीरता का प्रतीक है।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में 17 अहम प्रस्तावों को मंजूरी, सड़क निर्माण, जलापूर्ति सहित फीस विनियमन विधेयक, आयुष्मान भारत योजना में नए लाभ शामिल।
- रांची में पेसा कानून पर आयोजित हुई कार्यशाला, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा–शेड्यूल एरिया के लोगों की राय लेकर बनेगा झारखंड का पेसा कानून।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आज समापन, कुल 21 पदकों के साथ झारखंड अंक तालिका में 14वें स्थान पर।

***************

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज श्रीनगर में सैनिकों को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के साहस, शौर्य और कुशलतापूर्वक की गई कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश को उनके साहस, संकल्प, समर्पण पर गर्व है।

***************

धनबाद में आज भाजपा ने भारतीय सेना के शौर्य को सम्मान देने के लिए सिटी सेंटर से रणधीर वर्मा चौक तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में सांसद ढूलू महतो, कई विधायक, पूर्व सैनिक और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस मौके पर सांसद ढूलू महतो ने कहा कि यह यात्रा सेना का मनोबल बढ़ाने और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए आयोजित की गई है।

इधर हजारीबाग में भी भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद और अमित यादव के साथ बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान सेना के समर्थन में नारे लगाए गए।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में 17 अहम प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इन में झारखंड प्रोफेशनल एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन्स (फीस विनियमन) विधेयक को स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मियों की नियुक्ति नियमावली को भी मंजूरी मिली। कैबिनेट ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को नया लाभ देने का भी निर्णय लिया। वहीं, सड़क निर्माण, जलापूर्ति और कारखाना अधिनियम संशोधन समेत कई अन्य विकास परियोजनाओं को भी हरी झंडी मिली। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी।

***************

रांची में आज पेसा कानून पर वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्रीगण, कांग्रेस नेता और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का उद्देश्य पेसा की व्यवहारिक समझ बढ़ाने और ग्राम पंचायत की भूमिका को सशक्त करना था। कार्यशाला के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि ड्राफ्ट रूल पर विस्तृत चर्चा की गई और शेड्यूल एरिया में जाकर लोगों की राय लेने पर जोर दिया गया।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जनता के सुझावों के आधार पर पेसा का ड्राफ्ट तैयार कर इसे कानून का रूप दिया जाएगा।

***************

चाईबासा में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटपानी प्रखंड के बासाहातु गांव में पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से जुड़े ग्रामीण मुंडा की हत्या को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर श्रद्धांजलि अर्पित की और घटना को स्वशासन प्रणाली पर हमला करार दिया।

***************

लातेहार पुलिस ने पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इनके पास से दो पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस और सात मोबाइल बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर इनकी गिरफ्तारी की गयी और सभी उग्रवादी लेवी वसूली के लिए हरगड़वा गांव के जंगल में जुटे थे।

इधर चतरा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 639 ग्राम मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल ने बताया कि पूछताछ में तस्करी गिरोह से जुड़े 10–11 अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनकी तलाश जारी है।

***************

चतरा जिले में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर बेटियों ने बाजी मारी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

<u>अब कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- धनबाद में 154 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मटकुरिया फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा है कि अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिया गया है और तय समय में सभी को जमीन खाली करनी होगी।

- खूंटी परिसदन सभागार में आज विधानसभा की आवास समिति ने जिले के अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की। समिति में सभापति दशरथ गगराई और सदस्य समीर कुमार मोहंती मौजूद थे।

- सरायकेला–खरसावां में ब्रेन गुरु एक्टिवेशन कार्यक्रम के तहत वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मौके पर मिड ब्रेन एक्टिवेशन तकनीक से बच्चों की स्मरण शक्ति, एकाग्रता, कल्पना और रचनात्मकता को बढ़ाने के बारे में जानकारी दी गई।

***************

राज्य के 18 जिलों में कल से गर्जन, आकाशीय बिजली और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार और कोडरमा को छोड़कर बाकी सभी जिले को इससे प्रभावित होने की संभावना है।

***************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स आज सम्पन्न हो रहा है। बिहार के पटना में कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित हो रहे समापन समारोह में केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खड़से, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हो रहे हैं।

गौरतलब है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स 4 मई से शुरू हुआ था। महाराष्ट्र 56 स्वर्ण और 45 रजत सहित 149 पदक जीतकर पहले स्थान पर हरियाणा दूसरे स्थान पर और राजस्थान तीसरे स्थान पर है। वहीं झारखंड आठ स्वर्ण सात रजत और छह कांस्य पदक के साथ चौदहवें स्थान पर है।

*******समाप्त********